सब तेरा महादेव मैं तेरा तू मेरा

मैं तेरा तू मेरा ,सब तेरा महादेव -2

चारों दिशा भोले तेरी,
धरती अंबर ये जग तेरा ,
चंदा सूरज भोले तेरे ,
मैं तो बच्चा हूँ तेरा ,
मैं तेरा तू मेरा ,सब तेरा महादेव -2

फूलों की कलियों में तू ,
शहरों की गलियों में तू ,
बस्ती और गाँव की छाँव में तू ,
ऊंचे पर्वत में भी तू ,
बहती नदियों में भी तू ,
सागर की गहराई से गहरा भोले तू ,
तेरे जैसा न कोई देखा यहां,सब देखा तू नहीं।
मैं तेरा तू..... -2

भोले तेरी ये माया ,-2
कोई भी समझ न पाया ,
मुनियों ने तुमको जाना ,
मुनियों ने है पहचाना ,
बरसों से तुम्हे ढूंढ़ता,मैं आया तेरा दीवाना ,
कैसे तुम दोगे दर्शन,मुझको ये बात बताना।
भोले... शम्भू...।
मैं तेरा तू..... -2

हर हर महादेव

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33182/title/sab-tera-mahadev-main-tera-tu-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |